# कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी ।

## प्रेस-नोट

**दिनांक- 25/11/2023**

## ज्वैलरी की दुकान से रुपये लेकर भागने वाला 20 हजार का ईनामिया / वांछित अभियुक्त थाना सिगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार 5 लाख रूपया बरामद ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0301/2023 धारा 408 भा0द0वि0 व बढोत्तरी धारा 420, 411 भा0द0वि0 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्त अभियुक्त हर्ष कुमार सोनी पुत्र स्व0 संजय सोनी निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना खगौल ,दानापुर जिला पटना बिहार व हाल पता डी 59/100 ए1 निरालानगर शिवपुरवा थाना सिगरा जनपद वाराणसी उम्र 23 वर्ष को अमूल डेयरी से रेलवे क्रासिंग की तरफ जाने वाले मार्ग थाना सिगरा कमि0 वाराणसी से समय करीब 22.30 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण**- वादी की लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त दिनांक 20.10.2023 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया। वादी नरसिंग अग्रवाल की ज्वैलरी की दुकान मेसर्स ज्वैलरी पैलेस मलदहिया पर स्थित है जिनका स्टाफ हर्ष कुमार सोनी एवं दीपक झा नामक कर्मचारी घर से बैक में पैसा जमा करने गये लेकिन एक घंटा तक जब वापस नहीं आए तो वादी द्वारा दोनों के मोबाईल पर फोन किया तो दोनों का मोबाइल स्वीच ऑफ आ रहा था तो वादी घबरा कर घर चले गए जहां एक व्यक्ति उनके घर पर मिला उसने बताया दोनों आए थे और स्कूटी की चाबी और दोनों अपना मोबाईल मुझे दिए और कही चले गये और वादी द्वारा बैंक में जमा करने के लिये दिये गये 50 लाख रुपये लेकर फरार हो गये, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग दर्ज है।

**पूछतांछ विवरण अभियुक्त:-**हर्ष कुमार सोनी पुत्र स्व0 संजय सोनी निवासी उपरोक्त उम्र 23 वर्ष पूछने पर बता रहा है कि साहब मेरे साथी दीपक झा के पास शेष पैसे थे। घटना के दिन हम लोग बनारस से इलाहाबाद गये इलाहाबाद से पटना होते हुए मधुबनी गये तथा वहाँ से नेपाल चले गये थे कुछ दिन नेपाल में रुके उसके बाद हम लोग वहाँ से गुरूदासपुर पंजाब चले गये थे तथा मैं गुरूदासपुर मे दीपक झा को छोड़कर अमृतसर चला गया। मैने दीपक झा को मुगलसराय के पास किसी होटल मे रूकने के लिये बताया था किन्तु मै सुना कि मेरा साथी दीपक झा पुलिस द्वारा पकड लिया गया है, जिसके पास से पुलिस ने 42 लाख रूपया बरामद कर लिया है तब मैं अमृतसर से दिल्ली होते हुए बनारस आया तथा अपने घर पैदल ही जा रहा था कि आप लोगों द्वारा मुझे पकड़ लिया गया। शेष पैसो के बारे में पूछने पर बताया कि साहब कुछ पैसा हम लोगों द्वारा घूमने टहलने तथा खाने पीने में खर्च हो गया। पैसा लेकर भागने का कारण पूछा गया तो बताया कि साहब हम लोगों का वेतन कम था तथा खर्च अधिक था इसलिए भारी मात्रा में पैसा देखकर नीयत बदल गयी एवं हम लोग सोचे की ये पैसा दो नंबर का है सेठ जी कही शिकायत नही करेंगे, इसीलिए मैं तथा मेरा साथी दीपक झा योजना बनाकर दुकान मालिक के द्वारा बैंक में जमा करने हेतु दिए गए पैसों को बैंक में जमा न करके लेकर भाग गए तथा दोनों लोग अपना - अपना पुराना मोबाइल दीपक के कमरे पर छोड़कर सिम निकाल कर तोड़ दिए थे, साहब मुझसे भारी गलती हो गयी माफ कर दें।

**सम्बन्धित अभियोग:-**मु0अ0सं0 0301/2023 धारा 408 भा0द0वि0 व बढोत्तरी धारा 420, 411 भा0द0वि0 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र-**

अभियुक्त हर्ष कुमार सोनी पुत्र स्व0 संजय सोनी निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना खगौल ,दानापुर जिला पटना बिहार व हाल पता डी 59/100 ए1 निरालानगर शिवपुरवा थाना सिगरा जनपद वाराणसी उम्र 23 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- स्थान-** अमूल डेयरी से रेलवे क्रासिंग की तरफ जाने वाले मार्ग थाना सिगरा कमि0 वाराणसी, गिरफ्तारी दिनांक 24.11.2023 समय करीब 22.30 बजे।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 5 लाख रुपया नगद 500 - 500 रुपए की 10 गड्डी।
2. जामा तलाशी के 120/- रुपये।
3. 1 कपड़े का झोला।

**गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. श्री राजू सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री श्याम नरायण यादव, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 अनन्त सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. कां0 अनूप कुशवाहा, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. कां0 मृत्युन्जय सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 युवराज, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 जटाशँकर पाण्डेय, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 शिवबोध, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**कार्यालय पुलिस उपायुक्त**
**जोन-काशी, कमिश्नरेट वाराणसी।**